卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 66 | पृष्ठ 8 | रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | बुधवार | 13 दिसम्बर 2023 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# मोहन यादव ने संभाली मध्य प्रदेश की कमान

## पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा की मौजूदगी में ली सीएम पद की शपथ



भोपाल (उद ब्यूरो)। मोहन यादव मध्यप्रदेश के नए सीएम बन गए हैं। एमपी के राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल ने उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मोहन यादव के अलावा जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई। भोपाल के परेड ग्राउंड मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। इसके अलावा यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत तमाम बीजेपी नेता मौजूद रहे। बीजेपी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में 163 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस 66 सीट पर सिमट गई। बीजेपी ने इस चुनाव में सीएम चेहरे का ऐलान नहीं किया था। ऐसे में बीजेपी की विधायक दल की बैठक में सोमवार को मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुना गया। खुद शिवराज सिंह ने विधायक दल के नेता के तौर पर मोहन यादव के नाम पर प्रस्ताव रखा था। इसके बाद शिवराज सिंह ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। वहीं, मोहन यादव ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। मोहन यादव पहली बार 2013 में उज्जैन दक्षिण सीट से विधायक चुने गए। इसके बाद वे 2018 और 2023 में भी जीतने में सफल रहे। वे शिवराज सरकार में शिक्षा मंत्री भी रहे। मोहन यादव को संघ का करीबी माना जाता है और ओबीसी समाज से आते हैं। वहीं, जगदीश देवड़ा दलित चेहरा हैं, वे मंदसौर की मल्हारगढ़ सीट से विधायक हैं। देवड़ा शिवराज सरकार में भी मंत्री थे। जबकि राजेंद्र शुक्ला ब्राह्मण चेहरा हैं और रीवा सीट से विधायक हैं। राजेंद्र शुक्ला ने अपना पहला चुनाव 2003 में लड़ा था। वे शिवराज सरकार में भी मंत्री रहे हैं।

# 533 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

किच्छा(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के तहत 533 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभिक्तों से दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलभट्टा पुलिस द्वारा देर रात की गई सघन चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल में सवार तीन लोगों को रोकने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल सवार भागने लगे। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए दो मोटरसाइकिल सवारों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक अन्य भागने में सफल रहा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बृजेश पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बेथम नौगांव थाना शाही जिला बरेली से चेकिंग के दौरान 280 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है जो कि मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25 डीवी 6223 से स्मैक ले जाने का काम कर रहा था। जबकि दूसरा अभियुक्त अलम पुत्र राजा रहीम निवासी खरसैनी थाना शाही जिला बरेली से 253 ग्राम स्मैक बरामद की गई तथा इस अभियुक्त से मोटरसाइकिल यूपी 25 एक्स 2422 बरामद की गई है जबकि तीसरा अभियुक्त मनीष सिंह पुत्र जगतपाल निवासी ग्राम बलिया धानेरा थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभिकयों को जेल भेज दिया है जबकि फरार अभियुक्त की तलाश की जा रही है। पुलभट्टा पुलिस इंचार्ज कमलेश भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड में नशे के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी तथा नशे के कार्य में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं पुलभट्टा पुलिस ने बगैर हेलमेट व बिना कागज की मोटरसाइकिल टुकटुक चला रहे वाहनों के खिलाफ भी सघन चेकिंग अभियान चला रखा है जिसके तहत पुलिस द्वारा कल 11 लोगों का चालान कर 5000 जुर्माना वसूला गया है तथा एक टुकटुक को चीज कर दिया गया है वही किच्छा पुलिस द्वारा ग्राम बंडिया के पास जंगल में कच्ची शराब के 58 पाउच लेकर बेचने जा रहे शाखा पुत्र आम सिंह निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

# पत्नी के सामने फांसी पर लटक गया पति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि एक विवाह समारोह से वापस आने के बाद किसी बात को लेकर पत्नी से हुए झगड़े के पश्चात युवक ने घर में फांसी लगा ली। पत्नी ने पति को फांसी पर लटका देखा तो परिजनों की मदद से उपचार के लिए सुशीला तिवारी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसके पति ने दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में मातम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मानपुर पश्चिम निवासी 23 वर्षीय विक्की एक विवाह समारोह में गया हुआ था। रात्रि में जब वह घर वापस लौटा तो उसका पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़े के बाद सभी लोग सोने चले गए। इसी बीच विक्की उठा और पत्नी की चुनरी से फांसी लगा ली। तभी अचानक पत्नी भी उठ गई। आंखों के सामने पति को फंदे पर लटका तड़पते देखा। उसकी चीख की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे (शेष पृष्ठ सात पर)

## लापता रेंजर का झील में मिला शव

हल्द्वानी/भीमताल(उद संवाददाता)। हल्द्वानी से लापता वन विभाग के रेंजर हरीश चंद्र पांडे का शव भीमताल झील में मिला है। वह पिछले 10 दिन से लापता थे। पुलिस लगातार लापता रेंजर की तलाश में जुटी थी लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं लग सका। अंतिम बार उनकी लोकेशन भीमताल के एक सीसीटीवी में कैद हुई थी जिसके बाद पुलिस उन्हें यही पर तलाश कर रही थी। सुबह उनका शव भीमताल झील में बरामद किया गया। सूचना के बाद रेंजर के परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। बता दें कि तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर में तैनात ऊंचापुल निवासी भाखड़ा रेंज के रेंजर हरीश चंद्र पांडे दस दिन से लापता थे।

# उचक्कों का आतंक,दो महिलाओं से पर्स झपटे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं दो अलग अलग स्थानों पर दो अज्ञात स्कूटी सवार उचक्कों ने स्कूटी सवार दो महिलाओं का पर्स झपट लिया और फरार हो गए। पर्स में हजारों की नगदी और मोबाईल रखे थे।मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। ग्राम आनन्दखेडा, दिनेशपुर निवासी रीना ओझा पुत्रीअरूण कुमार ओझा ने बताया कि वह 12 दिसंबर की शाम लगभग 6:30 बजे बाईक पर बैठकर अपने चाचा के लडके साथ घर जा रही थी। तभी ओवर ब्रिज तेल मिल के सामने पीछे से स्कूटी सवार दो अज्ञात व्यक्तियो द्वारा उसका पर्स झपट लिया व दो स्मार्ट फोन मौजूद थें। वहीं सोढ़ी कालोनी निवासी प्रीति पत्नी संजीव कुमार ने बताया कि वा स्कूटी पर सवार होकर सायं सामान लेकर मुख्य बाजार से घर वापस जा रही थी। मार्ग में स्कूटी सवार दो युवकों ने उसका पर्स छीन लिया और भाग गए। उसने बताया कि पर्स में मोबाईल, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, सोने की चौन व 3800 की नगदी रखी थी।

# तथाकथित पत्रकार ने पीड़िता के हड़पे 35 हजार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग स्थित एक फैक्ट्री में कार्य के दौरान एक महिला श्रमिक की उंगलियां कट जाने के बाद 50 हजार में समझौता कराकर एक तथाकथित पत्रकार द्वारा 35 हजार रूपये अपने पास रख मात्र 15 हजार रूपये पीड़िता को दियें जाने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। नेमवती पत्नी बेचे लाल निवासी आजाद नगर(शेष पृष्ठ सात पर)

# पहाड़ों पर हिमपात से बढ़ी ठिठुरन

गोपेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदल ली है। हिमपात के चलते लगातार प्रदेश का तापमान लुढ़क रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसी चोटियों पर तो आलम ये है कि यहां तापमान माइनस में पहुंच गया है। उत्तराखंड



की सबसे फेमस जगह औली में भी मौसम बदल गया है। यहां बर्फबारी से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बता दें कि औली में लगातार बर्फबारी का दौर जारी है। बर्फ की गिरते फाहे लगातार ठंडक बढ़ा रहे (शेष पृष्ठ सात पर)

# 'निगम-अनियमितताओं' पर अब 'निगाहें' उदय राज पर

## होगी निगम हितों की रक्षा या फिर लीपापोती?

-अर्श-






रूद्रपुर। नगर निगम रूद्रपुर में सियासी राज का खात्मा होते ही, वहां पिछले 5 सालों में खेले गए अनियमितताओं के खेल अब अपनी ओर सभी का ध्यान खींचने लगे हैं। हाल ही में निर्वतमान पार्षद रंजीत सरकार द्वारा नगर निगम की टेंडर प्रक्रिया में व्यापक अनियमितता के द्वारा निगम को करोड़ों का नुकसान पहुंचाने का एक मामला सामने लाया गया है। ऐसे में नगर वासियों की नजरे अब नगर निगम प्रशासक उदय राज के अगले कदम पर टिक गई है। लिहाजा निकट भविष्य में यह देखना खासा दिलचस्प होगा कि 13 करोड़ के 112 विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जाता है अथवा उपरोक्त सारे कार्यों के टेंडर निरस्त कर नई निविदाएं आमंत्रित की जाती है या फिर सत्ताधारी दल के स्थानीय नेताओं के दबाव में सरकारी धन के बंदरबांट का मार्ग प्रशस्त कर दिया जाता है? वैसे देखा जाए तो निर्वतमान निगम परिषद के कार्यकाल की समाप्ति के कुछ दिन पूर्व आनन फानन में बुलाई गई 112 विकास कार्यों के 13 करोड़ की निविदाओं के लिए, अपनाई गई प्रक्रिया प्रथम दृष्टतया दोषपूर्ण प्रतीत होती है ,क्योंकि एक तो निवेदन निविदाएं जारी करते समय निगम के पास उपरोक्त कार्यो को धरातल में उतरने के लिए पर्याप्त बजट ही नहीं था और दूसरे ठेकेदारों द्वारा अब तक जो कार्य 25 से 30% तक घाटे में कराए जा रहे थे, वह कतिपय मिली भगत के चलते अब चार से एक प्रतिशत तक घाटे में ही कराए जाएंगे। स्पष्ट है कि अगर ऐसा होने पाया तो इससे नगर निगम को करोड़ों का नुकसान होना तय है। रही बात कार्यकाल के अंतिम दिवस को तत्कालीन मेयर द्वारा उपरोक्त विकास कार्यों का शिलान्यास करने की ,तो वह पूर्णतया राजनीति से प्रेरित कदम था और रामपाल अथवा भाजपा के, अलावा किसी और दल का प्रतिनिधि भी अगर मेयर के पद पर होता तो वह ऐसा ही कुछ करता । देखा जाए तो उपरोक्त मामले में यह साफ दिखाई दे रहा है कि तत्कालीन नगर निगम बोर्ड द्वारा अपने राजनीतिक हितों को साध ने के लिए नगर निगम के हितों को ताक पर रख दिया गया। इसलिए होना तो यही चाहिए कि निर्वतमान निगम परिषद के कार्यकाल के अंतिम दिनों में पारित सभी (शेष पृष्ठ सात पर)

# लोकसभा में मची अफरा-तफरी

## सुरक्षा में चूक, विजिटर गैलरी से कूदे दो प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। आज लोकसभा में तब अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब दर्शक दीर्घा में बैठा एक युवक ऊपर से कूद गया। युवक सदन में एक बेंच से दूसरी बेंच की तरफ भागता-दौड़ता रहा। सुरक्षाकर्मी उसे पकड़ना चाह रहे थे पर युवक हाथ नहीं आया। इस बीच सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। बुध वार यानी 13 दिसंबर को संसद पर कायराना आतंकवादी हमले की बरसी है। 2001 में 13 दिसंबर की सुबह आतंक का काला साया देश के लोकतंत्र की दहलीज तक आ पहुंचा था। हमले में दिल्ली पुलिस के छह जवान, संसद के दो सुरक्षाकर्मी और एक माली मारे गए थे। उन्हें आज सभी सांसदों की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा में कार्यवाही चल ही रही थी, तभी विजिटर गैलरी से एक अज्ञात व्यक्ति बीच सदन में आ धमका। इसको लेकर सदन में जोरदार हंगामा और कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में सुरक्षा चूक पर समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा, श्यह पूरी तरह से सुरक्षा चूक है। आज सदन के अंदर कुछ भी हो सकता था। जो भी लोग यहां आते हैं- चाहे वे आगंतुक हों या रिपोर्टर, किसी के टैग नहीं हैं। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि दो युवक गैलरी से कूदे और उन्होंने कुछ फेंका, जिससे गैस निकल रही थी। उन्हें सांसदों ने पकड़ा, उसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाला। सदन दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। यह निश्चित रूप से एक सुरक्षा उल्लंघन है। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने बाद में मीडिया को बताया कि एक व्यक्ति गैलरी से कूदा तो लगा कि शायद वह नीचे गिर गया है। तभी दूसरे व्यक्ति को दर्शक दीर्घा से कूदते देखा। इनमें से एक के हाथ में कुछ था,




जिसमें पीले रंग का धुआं निकल रहा था, जबकि दूसरे के हाथ में कुछ था, जिससे पिट-पिट की आवाज आ रही थी। वे कुछ नुकसान नहीं कर पाए, उन्हें तुरंत काबू में कर लिया गया। हालांकि, उनका दर्शक दीर्घा से कूदना गंभीर विषय है। यह संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक है। जांच होगी और कार्रवाई होगी। नीले रंग की जैकेट पहना एक युवक शख्स सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघकर आसन की तरफ जाने लगा। जब सांसदों ने दोनों तरफ से घेर लिया तो उसने जूता खोल लिया। बाद में जूते से पीला धुआं निकलने लगा। दो प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। एक आरोपी का नाम नीलम बताया गया है जो कि हिसार की रहने वाली हैं। वहीं दूसरे व्यक्ति का नाम अमोल शिंदे बताया गया है जो कि महाराष्ट्र के लातूर का है।






## धारा 370 जिस समय लागू की गई उस समय भूल नहीं एक ऐतिहासिक आवश्यकता थी : हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट से जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा अनुच्छेद 370 समाप्त करने के ऐतिहासिक फैसले के बाद पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहाहै कि थैंक्यू सुप्रीम कोर्ट! एक और कटु प्रसंग का सर्व स्वीकार्य समाधान निकला। धारा 370 जिस समय लागू की गई उस समय भूल नहीं एक ऐतिहासिक आवश्यकता थी। पाकिस्तान के आक्रामक रवैये और कुछ वैश्विक शक्तियों के षड़यंत्र का मुकाबला करने के लिए कश्मीर की जनता को विश्वास में लेने के लिए धारा 370 लागू की गई। समय के साथ हर सरकार ने धारा 370 के प्राविधानों को हल्का किया। अब समय आ गया था माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एक सर्व स्वीकार्य समाधान निकाल दिया। हमारा मानना है कि अब धारा 370 का प्रसंग अंतिम रूप से समाप्त हो गया है। पाक अधीकृत कश्मीर (पीओके) एक अंतिम काटा है और संसद का संकल्प भी है कि पीओके भारत का हिस्सा है। आज मौका है पाकिस्तान सातवें आठवें नौवें दशक का पाकिस्तान नहीं है आज आर्थिक रूप से विपन्न टूटा हुआ बटा हुआ पाकिस्तान है। पीओके में भी असंतोष है। इस कांटे को भी सरकार निकाले देश साथ है।

## पिथौरागढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज के संचालन के मामले का हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

पिथौरागढ़ । हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ में इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन मड़धूरा में करने के मामले में स्वत: संज्ञान लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा ने निदेशक सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज, निदेशक भूतत्व व खनिकर्म एवं कार्यदायी संस्था यूपी निर्माण निगम को पक्षकार बनाते हुए तीन सप्ताह में प्रति शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले के अनुसार मड़धूरा में इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण के लिए यूपी निर्माण निगम ने 14 करोड़ रुपये से अधिक धन खर्च किया है। अब यहां पर भूस्खलन का खतरा है। इसलिए अब इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए नई जगह तलाशी जा रही है। याचिका में कहा गया कि मड़धूरा में सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण के लिए स्थानीय लोगों ने अपने चारागाह, जंगल और अन्य नाप भूमि दान में दी। अब सरकार इस जगह को सुरक्षित नहीं मान रही। मड़धूरा में कॉलेज के लिए बने भवन के आसपास हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए सुरक्षात्मक कार्य कराने की भी मांग की है।

## दस्तावेज नहीं दिखाने पर गत्ता फैक्ट्री सील

केलाखेड़ा। प्रदूषण की शिकायत पर तहसीलदार ने श्रम, प्रदूषण नियंत्रण की संयुक्त टीम के साथ मंगलवार को गांव लंकुरा स्थित गत्ता फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर फैक्ट्री को सील कर दिया है।गांव लंकुरा निवासी एक व्यक्ति ने सात दिसंबर को एसडीएम आरसी तिवारी को शिकायती पत्र देकर गत्ता फैक्ट्री पर प्रदूषण का आरोप लगाते हुए फैक्ट्री का संचालन बंद कराने की मांग की थी। आरोप है कि फैक्ट्री के प्रदूषण से संक्रामक रोग फैलाने की आशंका, दूषित पानी खेतों में आने से फसल को नुकसान हो रहा है।इस पर एसडीएम ने तहसीलदार बाजपुर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी बाजपुर और क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काशीपुर की तीन सदस्यीय टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए थे। मंगलवार शाम तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने टीम के साथ फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान फैक्ट्री प्रबंध मौके पर श्रम सहित अन्य विभागों की एनओसी के दस्तावेज नहीं दिखा पाया जिस पर फैक्ट्री संचालन इकाई का सील कर दिया गया।




रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289, 7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100, 160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# उत्तराखंड की वादियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर, टंकियों में जमा पानी

## सीएम धामी ने आईएसबीटी और आसपास के इलाकों में सड़क पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया







देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार देर शाम आईएसबीटी समेत शहर के अन्य इलाकों का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आईएसबीटी और आसपास के इलाकों में सड़क पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण भी किए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आईएसबीटी में मौजूद यात्रियों से बातचीत कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने समस्त जिलाधिकारी को निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप बढ़ने लगा है, इसके दृष्टिगत प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अलाव की व्यवस्था की जाए।इस दौरान मुख्यमंत्री ने नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों में संचालित रैन बसेरों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मंगलवार को दोपहर बाद मौसम बदला। पहाड़ों में बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। केदारनाथ धाम में दोपहर से जमकर बर्फबारी हो रही है।धाम में देर शाम तक लगभग चार इंच नई बर्फ जम गई थी। वहीं, द्वितीय केदार व तृतीय केदार में भी बर्फबारी हुई है। यमुनोत्री धाम, औली और चमोली के भी कई इलाकों में बर्फबारी से ठंड पड़ रही है। वहीं, मौसम विभाग ने भी उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। यमुनोत्री धाम सहित खरशाली गांव, जानकीचट्टी, नारायण पुरी में बर्फबारी हुई। यमुनोत्री में करीब एक घंटे तक बर्फबारी से ठंड काफी बढ़ गई है। हर्षिल में सीजन का पहला हिमपात हुआ। औली में भी बर्फबारी से मौसम सुहावना हो गया। औली का तापमान अधिकतम नौ डिग्री और न्यूनतम माइनस दो है। बदरीनाथ धाम में तापमान अधिकतम तीन डिग्री और न्यूनतम माइनस चार पहुंच गया है। केदारनाथ में भी हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। सुबह के समय तापमान मानइस सात से 10 डिग्री तक पहुंच रहा है। साथ ही रात को अत्यधिक पाला गिरने से पाइपों व टंकियों में पानी जम रहा है। उधर लगातार बढ़ रही ठंड के कारण केदारनाथ में पुनर्निर्माण के तहत सिमेंट व कंक्रीट से जुड़े कार्य बंद कर दिए गए हैं। इन दिनों पुनर्निर्माण कार्य में 300 मजदूर जुटे हैं, जो यहां निर्माणाधीन आवासीय व व्यवासियक भवनों के कमरों व बरामदों में पत्थर बिछाने के साथ अन्य कार्य कर रहे हैं।

# जन जन तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ: चुघ



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम दानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत मोदी गारंटी प्रचार वाहन कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के विधान सभा क्षेत्र के संयोजक एवं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने भाजपा जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला के साथ विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर ग्रामीणों की अनेक समस्याओं का मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के विधान सभा क्षेत्र के संयोजक एवं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर संपूर्ण भारत वर्ष के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्रचार वाहन के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाकर इसका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ दूरस्थ पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों तक भी पहुंचाया जा रहा है। श्री चुघ ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जा रही है आवश्यक फार्म भरवाए जा रहे हैं साथ ही जिन लोगों को किसी भी विभाग से संबंधित कोई समस्या है तो उसका भी मौके पर समाधान भी किया जा रहा है। जिसका सभी को लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के द्वार तक पहुंचकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आम जनता की सेवा के लिए निरंतर जुटे हुए हैं। भाजपा जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार जनता के विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतर रही है। जिसका प्रमाण हाल में हुए विधानसभा के चुनाव परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की मजबूत अर्थव्यवस्था बन रहा है। वहीं उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक घराने उद्योग लगाने पर सहमत हुए हैं। जिससे प्रदेश का तेजी से विक्स होगा। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, संकल्प यात्रा के जिला संयोजक राकेश सिंह, ग्राम भगवानपुर की प्रधान सुमिता साहनी, ग्राम दानपुर के प्रधान प्रतिनिधि मनदीप वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऐसी मोर्चा राज कोली, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री आयुष चिलाना, शिवकुमार शिव्वु, विराट कोहली, सनी पासवान, अभिषेक, किसान मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप, रेखा, सुनीता सहनी, पार्वती, रश्मि राणा, सुनीता देवी, इंद्रावती देवी, रंजन त्रिपाठी, शीला, आरती, माधुरी, शकुंतला, कविता, राखी जोशी, हेमा देवी, प्रमोद कुमार, परितोष सहित सैकड़ों ग्रामीण व विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे।

# छात्रा से दुष्कर्म कर गर्भवती करने वाले पड़ोसी को बीस साल की कैद व जुर्माना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। छात्रा से दुष्कर्म कर गर्भवती करने वाले आरोपी पड़ोसी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो / अपर सत्र न्यायाधीश नंदन सिंह रावत की कोर्ट ने दोषी मानते हुए 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि मामला नैनीताल जिले के भवाली थाना क्षेत्र का है जहां पड़ोस में रहने वाले युवक ने कक्षा नौ में पढ़ने वाली छात्रा से दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गई। बाद में न्यायालय के आदेश के बाद किशोरी का गर्भपात कराया गया था। पूरे मामले में सात गवाह और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए 20 साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल 2021 को भवाली थाने में एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल में पता चला कि गिरीश चंद्र पीड़िता किशोरी के पड़ोस में रहता था। गिरीश चंद्र ने किशोरी के घर में मजदूरी की थी। इसी दौरान उससे उसकी जान पहचान हो गई। एक जनवरी 2021 को आरोपी ने किशोरी के घर में ही जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसकी शिकायत करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस दौरान अप्रैल 2021 को किशोरी की तबीयत बिगड़ी तो उसकी स्वास्थ्य जांच कराई गई तो पता चला वह तीन माह की गर्भवती है। छात्रा ने जब परिजनों को आरोपी से गर्भवती होने की बात बताई तो आरोपी छात्रा भगा ले गया। जहां नैनीताल अपने बहन के घर में रखा। नौ अप्रैल 2021 को पुलिस ने किशोरी को आरोपी की बहन के घर से बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी के नाबालिक होने पर कोर्ट के आदेश और परिजनों की सहमति से किशोरी का गर्भपात कराया गया। भ्रूण की फॉरेंसिक जांच में गिरीश ही उसका बायोलॉजिकल पिता निकला। पूरे मामले में कोर्ट ने फोरेंसिक रिपोर्ट और साथ गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो/ अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी नंदन सिंह रावत की कोर्ट ने आरोपी गिरीश को बीस साल की सजा और बीस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

# जिलाधिकारी ने किया स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)।डॉ. लीलाधर भट्ट मेमोरियल सीमान्त नेत्रालय, घण्टाकरण में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका जिलाधिकारी रीना जोशी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मधुमेह के साथ ही नेत्र रोगों से पीड़ितों का निशुल्क: उपचार किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे शिविरों से जनता को अवश्य लाभ मिलता है। उन्होंने चिकित्सालय द्वारा आयोजित शिविर की सराहना की। उन्होंने स्वंय भी नेत्र परीक्षण कराया। इसके उपरान्त् जिलाधिकारी ने डॉ. लीलाधर भट्ट चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय के निर्माण सीमांत के लोगों को लाभ मिलेगा व जनपद के अन्य चिकित्सालयों पर भी दवाब कम होगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एस.ह्यांकी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मदन बौनाल, डॉ. वैभव पालीवाल, डॉ. आदित्य अग्रवाल डॉ. अशोक पंत, डॉ. तनुज, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ललित पंत, जीवन पंत, सिद्धार्थ पाटनी आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस ने किया वारंटी को गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। कोर्ट के आदेश पर जारी वारंट के आधार पर कुंडा थाने के उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद व कांस्टेबल राजीव कुमार ने दविश के दौरान एक सूचना के आधार पर वारंटी राशिद हुसैन पुत्र मकसूद हुसैन निवासी ग्राम बाबरखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जरूरी पूछताछ के आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में 'स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा' का शुभारम्भ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित 'स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा' का शुभारम्भ स्मृति पौध भेंट कर किया। इस अवसर पर यूकॉस्ट द्वारा आयोजित 'अभिनन्दन एवं पौध भेट समारोह' में विश्व विद्यालयों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी आयोजन को यादगार बनाने में पेड़ों की बडी भूमिका होती है। पेड़ जहां जीवन का आधार है वहीं हमारी संस्कृति और स्मृति के भी प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अपने स्वर्ण जयंती वर्ष को इको फ्रेंडली रुप से मना रहे हैं तथा दूसरे को पचास-पचास पेड़ भेंट कर एक विश्वविधालय के सदस्य दूसरे विश्व विद्यालय में पहुंचकर पचास पौधों का रोपण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हमारे युवा बौद्धिक रूप से जागृत और समझदार होते हैं। जन-जन तक संदेश पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जलवायु परिवर्तन से उपजी समस्याओं के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व की जीवन शैली में परिवर्तन लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस संदेश यात्रा से लोगों में पर्यावरण के प्रति जीवन शैली में बदलाव लाने की प्रेरणा भी मिलेगी। यह यात्रा लोगों में अपनी संस्कृति, स्वच्छ परम्परा, खान पान, बोली-भाषा के प्रति भी जागरुकता पैदा करेगी।





# बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने सीएम धामी से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को सचिवालय में प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म अभिनेता श्री अनुपम खेर ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड में फिल्मांकन एवं फिल्म निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्म शूटिंग के लिए बेहतर वातावरण बनाने को सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शूटिंग के लिए देश व दुनिया के सबसे सुंदर व अच्छे गंतव्य मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल, मसूरी, औली, चकराता, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चोपता, हर्षिल व फूलों की



घाटी जैसे मनोहारी स्थान उत्तराखण्ड में मौजूद है। उत्तराखण्ड में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश के साथ ही बदरी-केदार धाम और गंगा-यमुना जैसी सदाबहार नदियां हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार फिल्म निर्माताओं व वेब सीरीज बनाने वाले निर्माता-निर्देशकों के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। उत्तराखण्ड में फिल्म शूटिंग के लिए बेहतर वातावरण बनाने को सरकार निरंतर प्रयासरत है।

# प्रदेश में नशा तस्करी से जुड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जायेगी : धामी

## मुख्यमंत्री ने ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड की शपथ दिलाई





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को गांधी पार्क, देहरादून में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है, इस अभियान को सबको मिलकर सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य में ड्रग ट्रैफिकिंग को रोकने और इसके तंत्र को ध्वस्त करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके सारे परिवार और समूचे सामाजिक परिवेश को हानि पहुंचाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जहां एक ओर लोगों और विशेषकर युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर नशा तस्करी से जुड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी करवाई भी की जा रही है। इस वर्ष अभी तक एनडीपीएस एक्ट के तहत लगभग 600 मामले पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें करीब साढ़े सात सौ आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि सभी के सहयोग और संस्थाओं द्वारा किये जा रहे अथक प्रयासों से, हम समय से पहले ही ड्रग्स फ्री देवभूमि का विकल्प रहित संकल्प अवश्य प्राप्त कर लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर प्रांत प्रचार प्रमुख आरएसएस श्री संजय, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती आशा कोठरी, प्रादेशिक मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड उत्तराखण्ड एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्रीमती सीमा जौनसारी, निवर्तमान मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, प्रादेशिक सचिव भारत भारत स्काउट एवं गाइड उत्तराखण्ड आदि उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए होली चाइल्ड के 6 खिलाड़ियों का हुआ चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में होली चाइल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 काँस्य पदक (कुल 11 पदक) अर्जित किए। इन विजेताओं में से 6 खिलाड़ियों (शगुन सिंह, शिव गुप्ता, आन्या, हर्षित कुमार, आयुष गुप्ता, रूद्राक्ष नांरग) का चयन राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली उत्तराखण्ड खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला स्तर पर विभिन्न जिलों के 7 ब्लाक से चयनित प्रतिभावान खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। टेबल टेनिस में होली चाइल्ड स्कूल के 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में मिक्स्ड डबल्स प्रतियोगिता में रूद्राक्ष नांरग, शिव गुप्ता एवं आन्या मौर्या ने स्वर्ण पदक एवं एकल में मनसिमरन कौर ने काँस्य पदक एवं 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में हर्षित कुमार ने स्वर्ण पदक एवं सिद्धि अरोड़ा ने रजत पदक अर्जित किया। 19 वर्ष से कम आयु वर्ग मिक्स डबल्स में आयुष गुप्ता ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। बैडमिंटन में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में हर्ष बठला ने काँस्य पदक अर्जित किया। एथलेटिक्स में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में शगुन सिंह ने लम्बी कूद में स्वर्ण पदक 4गुणा100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक व ऊँची कूद में काँस्य पदक अर्जित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिन्टू दूबे ने बताया कि विद्यालय में अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्ट्स अकॉदमी के अन्तर्गत छात्र बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एम डी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी,



कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर, फिजिकल एजूकेशन-सुधाकर सिंह तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने विजेता छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भूमियाधार गांव को धार्मिक और पर्यटन के लिए विकसित किया जाएगा: दीपक रावत

नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मंगलवार को भूमियाधार में बाबा नीब करौरी द्वारा स्थापित मंदिर में पूजा पाठ कर बाबा नीब करौरी की कुटिया में ध्यान किया। उन्होंने ग्रामीणों से मंदिर की जानकारी और मान्यताओं के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि भूमियाधार गांव को धार्मिक और पर्यटन के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमियाधार स्थित बाबा के धाम को प्रचार प्रसार करने के लिए जगह-जगह साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। साथ ही भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए जल्द ही पार्किंग व्यवस्था और शौचालय का निर्माण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मंदिर समेत आसपास के इलाकों में सोलर लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि पर्यटन से जोड़ने के लिए ग्रामीण इलाकों में होमस्टे बेहतर विकल्प हो सकता है। ग्रामीणों ने आयुक्त को जल, सड़क, विद्युत आदि समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क चौड़ीकरण, पेयजल व्यवस्था में सुधार, एएनएम सेंटर स्थापित करने, आंगनबाड़ी केंद्र में जल्द रिक्त पद भरने और ग्रामीण इलाकों में बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिए।



# ग्रामीणों को दी विकास योजनाओं की जानकारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सोमवार को देर रात्रि तक जनपद के विकासखंड बाजपुर की ग्राम पंचायत इटव्वा एवं गजरौला एवं सितारगंज की ग्राम पंचायत की टुकड़ी एवं कैथुलिया एवं रुद्रपुर ग्राम पंचायत मटकोटा एवं बिंदुखेड़ा गदरपुर ग्राम पंचायत अमरपुर एवं खानपुर पूर्व जसपुर ग्राम पंचायतें बैंतवाला एवं मिस्सरवाला में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग नलकूप विभाग खाद्य विभाग, पेयजल विभाग,समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग द्वारा स्टाल लगाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आई.ई.सी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया साथ ही मौके पर लाभार्थियों को संबंधित विभागों द्वारा राज सहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण भी किया गया। समस्त कार्यक्रमों में लाभार्थियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप भी लगाए गए जिसमें लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।









# अंतर महाविद्यालयी बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

## विधायक शिव अरोरा ने विजेताओं को मेडल देकर किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 48 वीं कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोड़ा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए प्रतिभागी छात्र छात्राओं को शुभ कामनाएं प्रेषित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन और मेहनत के बल पर छात्र छात्राएं अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। खेल प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश की सरकार खिलाड़ियों प्रोत्साहित करने के लिए खेल प्रतिभा को पुरुष्कृत करने के साथ साथ उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है। विधायक शिव अरोरा ने कहा उत्तराखंड राज्य खेल के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाता जा रहा है और ऐसी प्रतियोगिता के बल पर हमारे अच्छे खिलाड़ी आगे निकल कर आ रहे हैं, वही विधायक बोले हमारा भी प्रयास रहता है कि खेल के क्षेत्र में आगे आने वाले खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करे जिससे वह अपने उकर्ष प्रदर्शन से हमारे देश और उत्तराखंड का नाम रोशन कर सके। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. डी सी पंत ने शिव अरोड़ा का स्वागत करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शामिल हो रहे सभी प्रशिक्षक, कोच, टीम मैनेजर तथा प्रतिभागी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के पास खेल प्रतिभा को निखारने के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिसका परिणाम यह है कि हमारा महाविद्यालय प्रतिवर्ष प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कराकर तथा विजयी होकर उत्तराखंड प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों को अनुशासन एवं नियमों का अनुपालन करते हुए खेल में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। आयोजक सचिव डॉ. राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए महाविद्यालय खेल प्रतिभा की आख्या प्रस्तुत की। अंतर महाविद्यालय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के अवसर पर महा विद्यालय के प्रो सर्वजीत सिंह, प्रो हरिश्चंद्र, प्रो हेमलता सैनी, प्रो रविंद्र कुमार सैनी, प्रो. पी.पी. तिवारी, क्रीड़ा परिषद् के सभी सदस्य, डॉ आशा राणा, डॉ. विकार, हसन खान डॉ अपर्णा सिंह, डॉ. दीपक दुर्गापाल, डॉ रवीश त्रिपाठी सहित महाविद्यालय कर्मचारी एवं एनसीसी, एनएसएस के छात्र-छात्राएं थे। संचालन डॉ सर्वजीत सिंह ने किया।





# अक्षत कलश के स्वागत में विहिप ने निकाली शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा शोभा यात्रा की प्रक्रिया के प्रथम चरण में देश भर में पहुंचें पूजित अक्षत कलश के स्वागत में विश्व हिंदू परिषद की अगवाई में एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। यात्रा में लोगों ने अक्षत कलश के दर्शन किए और जय श्री राम के नारों से अक्षतों का स्वागत किया। श्री राम मंदिर निकट रामलीला मैदान में अक्षत कलश यात्रा कलश पूजन ओर आरती का साथ प्रारंभ की गई। जो पटेल चौक फिर बर्तन बाजार, सदर बाजार से होते हुए कालाढूंगी रोड होते हुए मुखानी स्थित संघ कार्यालय पर पहुंची। जहां विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कलश तहसील प्रचारक संजीव को सौंपा गया। समापन पर हनुमान चालीसा ओर पुन: आरती कर प्रसाद वितरण हुआ। इस यात्रा में प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद डा विपिन चंद्र पाण्डे, प्रांत उपाध्यक्ष दीवान फर्त्याल, प्रांत सह मंत्री धीरेन्द्र शर्मा, विभाग संगठन मंत्री उमाकांत उपाध्याय, नगर कार्यवाह प्रकाश, सह नगर कार्यवाह तनुज, भुवन, कमलेश, गोधन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, कपिल अग्रहरि सहित भारी संख्या में संघ के स्वयं सेवक व अन्य कार्यकर्ताओ ने प्रतिभाग किया।




# सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण

अल्मोड़ा। उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा ने बताया कि सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई के क्रम में दुगाल खोला निवासी गोविंद लाल पुत्र स्वर्गीय लछम लाल द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर हटाया गया तथा लोक निर्माण



विभाग द्वारा बोर्ड भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को लेकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अन्य नगरवासियों से भी अपील की है कि यदि किसी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है तो उसे तत्काल हटा लिया जाए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# राज्यपाल ने श्री द्वारकाधीश मंदिर में की पूजा अर्चना



देहरादून/गुजरात। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को द्वारका, गुजरात में ऐतिहासिक श्री द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना की।

# युवा सिक्ख सम्मेलन के विरोध का ऐलान

बाजपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ आंदोलन स्थल पर बैठक हुई। आंदोलनकारियों ने आगामी 18 दिसंबर को रुद्रपुर में प्रस्तावित युवा सिख सम्मेलन पर आक्रोश व्यक्त जताया।आंदोलनकारियों ने कहा कि पिछले चार महीने से बाजपुर के किसान, मजदूर और व्यापारी अपने अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में धरना दे रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि प्रस्तावित सम्मेलन का पुरजोर विरोध किया जाएगा।15 दिसंबर को रुद्रपुर में आवास विकास स्थित गुरुद्वारा साहिब में जिले भर के किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आगामी रणनीति बनाई जाएगी। वक्ताओं ने स्थानीय भाजपा नेताओं को भी भूमि प्रकरण का समाधान नहीं होने तक सम्मेलन नहीं करने की हिदायत दी है।बैठक में किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष करम सिंह पड्डा, भूमि बचाओ मुहिम संयोजक जगतार सिंह बाजवा, आयोजक रजनीति सिंह सोनू, विक्की रंधावा, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह गिल, दलजीत सिंह रंधावा, कुलबीर सिंह, सनी निज्जर, गुरविंदर सिंह सिद्धू, सनी खैरा, गुरु प्रताप सिंह, राजकिशोर, दिलेर रंधावा आदि थे। वहीं भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि सरकार भूमिधरी अधिकार जल्दी से जल्दी वापस करे। बाजपुर के लोग पूरे जिले भर का सम्मेलन कर सीएम का स्वागत करेंगे। मंगलवार को क्रमिक अनशन पर मनराज धनोआ, हरविंदर सिंह, शिवेक धनोआ, अभिजीत सिंह, सतपाल सिंह पन्नू बैठे।




# उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद पहुंचा फ्रांसीसी दल

## बायोटेक्नोलॉजी शोध कार्यों से अवगत हुआ फ्रांसीसी दल

पंतनगर(उद संवाददाता)। कृषि एवं खाद्य संबंधित क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्रांस के सोलह सदस्यी दल ने उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी, पंतनगर पहुँच कर वहां पर हो रहे शोध एवं विकास गतिविधियों को जाना। निदेशक डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में दल के सभी सदस्यों को परिषद में स्थापित आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया तथा हाइड्रोपॉनिक एवं पादप ऊतक संवर्धन विधि से उत्पादित किये जा रहे टमाटर, पालक, लेटस एवं कीवी फल की जानकारी दी गयी। वहां डॉ. संजय कुमार ने उनको परिषद की ओर से निर्मित की गयी बीज कमंडल बनाने की विधि तथा उनके बनाने के उद्देश्यों से अवगत कराया। आण्विक जीव विज्ञान प्रयोगशाला में फरांसीसी दल को आक्रामक उपजाति वाले पादपों जैसे पार्थेनियम (गाजर घास) व एजिरेटम से बनाये जा रहे नैनोपार्टिकल एवं हर्बल उत्पाद बनाने की जानकारी दी गयी। उनको उत्तराखंड में पाए जाने वाले बदरी गाय के दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए किये जा रहे शोध प्रयासों से भी अवगत कराया गया। पर्यावरणीय प्रयोशाला में पेयजल एवं कृषिकरण योग्य मिट्टी की गुणवत्ता निर्धारण के तौर तरीकों की जानकारी दी गयी। पंतनगर विवि के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डॉ. एच जे शिव प्रसाद ने भ्रमण का समन्वय किया। इस दौरान परिषद के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन, डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. ज्योति प्रसाद, सचिन शर्मा, अनुज जॉन, जीतेन्द्र सिंह बोहरा, सुरभि चन्द, अनुपम आजाद, मेधा सिंह, चांदनी जोशी, सोनाली सहित शोधार्थी व स्टाफ उपस्थित रहे।



# युवक की हत्या के मामले में चार आरोपी दोष मुक्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सितारगंज में पौने नौ साल पहले हुई युवक की हत्या के मामले में चार आरोपियों को विशेष सत्र न्यायाधीश ने दोषमुक्त करने के आदेश दिए हैं। वार्ड नंबर छह नहर पार सितारगंज निवासी सोमपाल ने 10 मार्च 2015 को



थाने में दर्ज कराए केस में कहा था कि आठ मार्च की रात उसके बेटे बबलू दिवाकर और पुष्पेंद्र दिवाकर सिडकुल रोड मंदिर के सामने बीएस इंजीनियरिंग वर्कशाप में काम कर रहे थे। इस बीच बड़ा बेटा बाथरूम करने दुकान के पीछे गया था और लहूलुहान होकर लौटा था। उसका छोटा बेटा दुकान के पीछे की तरफ देखने गया तो वहां से शोभाराम, सुनील, राजकुमार, खेमपाल और अन्य व्यक्ति पीछे के गेट से भाग रहे थे। इसके बाद बबलू को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल की अदालत में हुई। अदालत ने सबूतों और गवाहों को सुनने के बाद चारों अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नये मुख्यमंत्रियों की ताजपोशी

आखिरकार राजस्थान में मुख्यमंत्री का नाम घोषित होने के साथ ही कयासों का सिलसिला थम गया है। अनुमान लगाए जा रहे थे कि वरिष्ठ नेताओं में से किसी को कमान सौंपी जाएगी, मगर हुआ इसके ठीक उलट। पहली बार विधायक चुने गए भजन लाल शर्मा वहां के मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे ही चौंकाने वाले निर्णय मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी लिए गए। मध्यप्रदेश में कई नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। भाजपा की विजय के पीछे शिवराज सिंह चौहान के कामकाज और योजनाओं का बड़ा हाथ माना जा रहा था। केंद्र से मंत्री पद छोड़ कर गए नेताओं में से किसी को पुरस्कृत करने की भी चर्चा चल रही थी। मगर वहां मोहन यादव को सूबे की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा ने सबको चौंका दिया। छत्तीसगढ़ में हालांकि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल माना जा रहा था, इसलिए उनके चुनाव पर लोगों को उतनी हैरानी नहीं हुई। मगर राजस्थान और मध्यप्रदेश की कमान बिल्कुल अल्पज्ञात नेताओं को सौंप कर भाजपा नेतृत्व ने लोगों को विस्मित कर दिया। हालांकि इससे पहले भी गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा आदि राज्यों में भाजपा इसी तरह के साहसिक और चौंकाने वाले फैसले कर चुकी है। इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं। आमतौर पर राजनीतिक दल नेताओं की वरिष्ठता और अनुभव आदि को ध्यान में रख कर मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य पदों पर उनकी नियुक्तियों का फैसला करते हैं। मगर भाजपा इस फार्मूले पर नहीं चलती। उसके लिए संगठन सर्वोपरि है। जो संगठन के लिए निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह काम करता है, उसे पुरस्कृत किया जाता है। संगठन में खेमेबंदी करने वालों को प्राय: किनारे कर दिया जाता है। इसी का दंड शायद शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे को भुगतना पड़ा है। राजस्थान में वसुंधरा राजे ने मान लिया था कि उनकी अगुआई के बिना भाजपा का चुनाव जीतना मुश्किल होगा। फिर केंद्रीय नेतृत्व के साथ उनके रिश्ते भी मधुर नहीं थे। मगर जब राजस्थान में भाजपा चुनाव जीत गई, तो उन्होंने अपने खेमे के नेताओं की लामबंदी शुरू कर दी और इस तरह दबाव बनाने का प्रयास किया कि मुख्यमंत्री का पद उन्हें ही मिलना चाहिए। मगर भाजपा ने भजन लाल शर्मा को आगे करके स्पष्ट संदेश दे दिया है कि खेमेबंदी करने वालों की संगठन में कोई अहमियत नहीं है। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के बारे में भी यही माना जा रहा था कि वहां उनका कोई विकल्प नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह अपने पुराने कार्यकाल के दागों से मुक्त नहीं थे, इसलिए उनकी दावेदारी वहां थी ही नहीं। भाजपा ने इन तीनों राज्यों में बिना किसी मुख्यमंत्री के चेहरे के चुनाव लड़ा था। मध्यप्रदेश में जरूर उसकी सरकार थी, मगर शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया था। इस तरह पहले से तय था कि वहां नेतृत्व परिवर्तन होगा। नए चेहरे को आगे करने का फायदा यह भी मिलता है कि पहले के नेतृत्व के साथ जो कुछ अनियमितताएं, खराब नीतियां और फैसले जुड़े होते हैं, वे हाशिये पर चली जाती हैं। लोग नए चेहरे से नई उम्मीदें पालना शुरू कर देते हैं। इस तरह पुराने दाग-धब्बे धुंधले पड़ जाते हैं। उत्तराखंड और गुजरात में नेतृत्व परिवर्तन कर भाजपा ने इसका लाभ उठाया भी है। फिर सबसे बड़ी बात कि इस तरह भाजपा दूसरे राजनीतिक दलों से खुद को अलग खड़ी कर पाती है कि उसमें किसी भी नेता को नेतृत्व सौंपा जा सकता है, वरिष्ठता, लोकप्रियता या पार्टी नेताओं में पकड़ कोई पैमाना नहीं।

# राज्य के सीमान्त क्षेत्रों में भी किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन : सीएम

## सभी सचिव दो-दो दिन जनपदों में जाएं एवं आयोजन के संबंध में अपने विभागों की नियमित समीक्षा करें

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य में सफल संचालन के लिए सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये।उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि इस अभियान को सफल बनाने हेतु जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रतिदिन रिपोर्ट ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सचिव दो-दो दिन जनपदों में जाएं एवं इस आयोजन के संबंध में अपने विभागों की नियमित समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की सीमान्त क्षेत्रों में भी इस आयोजन को और प्रभावी बनाया जाए तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए।



# अंकिता हत्याकांड में हीलाहवाली बरतने वाले दो राजस्व उपनिरीक्षकों की वेतन वृद्धि पर लगी तीन साल की रोक

पौड़ी। अंकिता हत्याकांड में हीलाहवाली बरतने वाले तहसील यमकेश्वर के उदयपुर पल्ला- दो और अजमेर पल्ला- तीन के राजस्व उपनिरीक्षकों की वेतन वृद्धि पर तीन साल की रोक लग गई है। डीएम पौड़ी ने इस संबंद्ध में आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही डीएम ने उक्त राजस्व उपनिरीक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई समाप्त करते हुए सवेतन सेवा बहाली का आदेश जारी किया है। दोनों राजस्व उपनिरीक्षकों को अंकिता हत्याकांड में प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं करने, अंकिता के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर पर एफआईआर दर्ज नहीं करने, दायित्व व विभागीय कार्यों के प्रति लापरवाही के आरोप में वर्ष 2022 में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। तहसील यमकेश्वर के गंगाभोगपुर स्थित वनंतरा रिजॉर्ट में पौड़ी के श्रीकोट गांव की अंकिता भंडारी रिसेप्सनिस्ट के पद पर सेवारत थी। जो बीते 18 सितंबर 2022 को रिजॉर्ट से अचानक लापता हो गई थी। अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी 20 सितंबर को राजस्व उपनिरीक्षक उदयपुर पल्ला-दो के कार्यालय पहुंचे थे। जहां मूल पद पर तैनात राजस्व उपनिरीक्षक अवकाश पर चला गया था। जबकि प्रभार देख रहा राजस्व उपनिरीक्षक सेवारत था। राजस्व विभाग के कर्मियों ने उनकी तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। अंकिता के पिता ने रिजॉर्ट के मालिक पर बेटी की हत्या की आशंका जताई थी। जबकि राजस्व उपनिरीक्षक ने रिजॉर्ट के मालिक की शिकायत पर अंकिता की गुमशुदगी पहले दर्ज कर ली थी। जिसके बाद मामले में परिजनों, स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश बढ़ता चला गया। जिला मुख्यालय पौड़ी से लेकर गंगाभोगपुर में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया था। इसके बाद मामले में 22 सितंबर को पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए रिजॉर्ट मालिक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 24 सितंबर को अंकिता का शव चीला बैराज से बरामद भी कर लिया था। मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट कोटद्वार में चल रही है। मामले में तत्कालीन जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों राजस्व उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित दिया था। मामले की जांच एसडीएम लैंसडाउन को सौंप आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। डीएम पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि यमकेश्वर तहसील के उदयपुर पल्ला-दो के निलंबित राजस्व उपनिरीक्षक वैभव प्रताप सिंह और अजमेर पल्ला- तीन के निलंबित राजस्व उपनिरीक्षक विवेक कुमार की वेतन वृद्धि पर तीन साल की रोक लगा दी गई है। कहा मामले में विभागीय कार्रवाई समाप्त करते हुए उक्त दोनों राजस्व उपनिरीक्षकों की सवेतन सेवा बहाली का आदेश जारी कर दिया गया है।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी पर्व

1621 ई. में गुरु के महल, अमृतसर में छठे गुरु, गुरु हरिगोबिंद साहिब व माता नानकी जी के घर श्री गुरु तेग बहादुर जी का जन्म हुआ। आप जी की परवरिश की जिम्मेवारी बाबा बुड्ढा जी व भाई गुरदास जी जैसी दैवी रूहों की देख-रेख में हुई। बाबा बुड्ढा जी ने जहां बचपन से आपजी को नानक नूर से शरसार कर दिया था,



वहीं आप प्रवीण को सैनिक गुणों व जंगी हुनरों में भी प्रवीण कर गुरु पिता जैसी शूरवीर शख्सीयत तैयार कर दी थी। भाई गुरदास जी ने आप को धर्मों के दार्शनिक पक्षों का गहरा ज्ञान कराते हुए ब्रज, संस्कृत, पंजाबी आदि भाषाओं से पूरी तरह अवगत करा दिया था। आप 1635 ई. में छठे पातशाह के साथ कीरतपुर साहिब आ बसे और गुरु पिता के ज्योति-जोत समाने के बाद आप ने अपनी माता नानकी जी व पत्नी गुजरी जी के साथ बाबा बकाला में निवास कर लिया स आठवें पातशाह गुरु हरिकिशन साहिब ने ज्योति-ज्योति समाने से पूर्व संगत को 'बाबा बकाले' का हुक्म दिया था। यहां ही भाई मक्खण शाह लुबाणा ने 22 मंजियों पर बैठे पाखंडियों का पाज उखाड़ कर 'गुरु लाधो रे' का नारा दिया। गुरु साहिब इन ढोगियों की कलह को देखते हुए कीरतपुर चले गए और वहां से पांच मील की दूरी पर माखोवाल के स्थान पर जगह खरीद कर अनंदपुर शहर बसा दिया। आप जी ने सिक्खी के प्रचार हित दूर-दूर तक यात्रायें की। इन यात्राओं से सिक्ख धर्म को बहुत बल मिला और सिक्ख धर्म की सिफत-सालाह देश के कोने-कोने तक फैल गई स मुगल शहंशाह औरंगजेब के अत्याचारों से सारा देश कराह उठा था। उसने हिन्दुओं पर अनुचित टैक्स ही नहीं लगाए हजारों मंदिरों को भूमिसात करके वहां मस्जिदें बनवाई स अनेक धार्मिक स्थानों को नष्ट कर दिया। हजारों हिन्दुओं को तलवार के जोर पर मुसलमान बनाया स हिन्दुओं का धर्म ही नहीं, उनका जीवन भी संकट में पड़ गया। पूरे देश में पंजाब और कश्मीर की हालत बहुत ही दयनीय हो गई थी । वहां मुसलमान जिस सुन्दर स्त्री को देखते जबरदस्ती उठा ले जाते। हिन्दुओं के धर्म स्थानों को अपवित्र कर देते। सरेआम गौ हत्या करते और जो भी विरोध करता उसे मौत के घाट उतार देते। औरंगजेब की हिन्दू विरोधी नीति से सारे देश में हाहाकार मच गया था। गुरु तेगबहादुर के पास पंजाब में हिन्दुओं और सिक्खों पर होने वाले अत्याचारों की सूचनाएं पहुंच रही थी। उन्हें पंजाब छोड़े कई वर्ष बीत चुके थे। उन्होंने पंजाब आने का निर्णय लिया। अपने परिवार को पटना में ही छोड़कर वह पंजाब के लिए रवाना हो गए। उनके साथ सवाई राजा रामसिंह भी थे, इसलिए औरंगजेब के मुस्लिम अधिकारियों ने गुरु तेगबहादुर के पंजाब आने में कोई बाधा नहीं डाली। और उन्हीं के कारण जब गुरु तेगबहादुर आनंदपुर पहुंच गए तो उनके परिवार के वे लोग भी शांत होकर बैठ गए जो आरम्भ से ही उनका विरोध करते रहे थे। गुरु तेगबहादुर फिर पहले की तरह दीवान सजाने लगे स दूर-दूर के सिक्ख संगते उनके धर्मोपदेश सुनने के लिए आने लगी। आनन्दपुर का वातावरण एकदम शान्त था। कहीं कोई खतरा दिखाई नहीं दे रहा था स उन्होंने अपने कुछ विश्वस्त सेवादारों को भेजकर अपने परिवार को दिल्ली बुला लिया। अचानक एक दिन कुछ कश्मीरी ब्राह्मण उनके पास पहुंचे। उन्होंने उन लोगों का सम्मानपूर्ण स्वागत किया और आने का कारण पूछा । " गुरूजी हम लोग कश्मीर से आ रहे है। हम लोग ही नहीं कश्मीर में रहने वाले सभी हिन्दुओं की धन- सम्पत्ति , मान-सम्मान, जीवन और धर्म खतरे में पड़ गया है। अब तो केवल आपका ही आसरा है। आप ही हमारे दु:खों का निवारण कर सकते हैं ।'' पंडितों ने हाथ जोड़कर कहा। " ऐसा क्यों है?'' " गुरूजी, आप तो औरंगजेब और उसकी हिन्दु विरोधी अत्याचारी नीतियों को अच्छी तरह जानते हैं। उसने कश्मीर के सूबेदार शेर अफगन को हुक्मनामा भेजा है कि कश्मीर में रहने वाले सभी हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बना लिया जाए। जो मुसलमान बनने से इंकार करे या शाही हुक्म की मुखाफलत करें, उसे तत्काल मौत के घाट उतार दिया जाए। उसके इस हुक्मनामे ने कश्मीर के हिन्दुओं का जीना हराम कर दिया है। सिक्ख गुरुओं ने हिन्दू धर्म की हमेशा रक्षा की है। हम इसी आशा और विश्वास के साथ आपसे प्रार्थना कर रहे हैं कि हमें इस सर्वनाश से बचाइए ।'' कश्मीरी पंडितों के मुंह से यह सुनकर गुरु तेगबहादुर गहरी सोच में डूब गए । औरंगजेब देश का शासक था। एक शासक का धार्मिक पक्षपात और तलवार के जोर से दूसरों के धर्म को छीनने और अपने धर्म में शामिल करने की नीति उन्हें बिलकुल पसंद नहीं थी। गुरु नानक देव से लेकर जितने भी गुरु हुए थे उन्होंने धार्मिक भेदभाव को कभी महत्व नहीं दिया था। उनकी नजर में सभी धर्म एक समान थे। गुरु तेगबहादुर देश की स्थिति से भली- भांति परिचित थे। उन्होंने कश्मीरी पंडितों को दिलासा दिया और कहा, आप लोग निश्चिन्त होकर अपने-अपने घर जाइए। जब सूबेदार शेर अफगन आप पर मुसलमान बनने के लिए जोर डाले तो आप उससे निर्भीक होकर कह दीजिएगा कि अगर गुरु तेगबहादुर मुसलमान बनना स्वीकार कर लें तो हम लोग भी इस्लाम धर्म स्वीकार कर लेंगे। कश्मीरी पंडितों को गुरु तेगबहादुर पर पूर्ण विश्वास था कि इस अचानक संकट से वे ही उन्हें मुक्ति दिला सकते हैं । गुरु तेगबहादुर के आश्वासन ने उनमें एक नया साहस पैदा कर दिया। वे निश्चिन्त होकर अपने-अपने घर चले गए।' जो शरण आए जिस कंठ लाये ' के वाक्य को सच करते हुए गुरु साहिब 1675 ई. को दिल्ली में अपने तीन सिक्ख- भाई मती दास, भाई सती दास व भाई दयाला जी के साथ शहादत का जाम पी गए और हिन्दू धर्म की रक्षा करने के कारण आप ' हिन्द की चादर ' कहलवाए स ऐसे महान गुरु जी को मेरा शत-शत नमन है।

**-नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**

# प्रेम एक दुर्लभ अहसास

निश्चल व पवित्र प्रेम शब्दो से परे एक अहसास है,यह प्रर्दशन की वस्तु नही बल्कि इसे रूह से व हदय की गहराईयों से महसूस किया जा सकता है। प्रेम को देने से ही,इसे पाने का हकदार हुआ जा सकता है । माँ,बच्चे का प्रेम संसार मे नि:स्वार्थ व अतुलनीय है,बच्चे को अपनी माँ के कदमो की आहट से ही उसे माँ के आने का अहसास हो जाता है,वह रोने लगता है कि उसकी माँ आ रही है जबकि माता अपने बालक के चेहरे को पढ़कर उसकी परेशानी को समझ जाती है। उसे दूर करने का प्रयास करती है। जहां त्याग है वही प्रेम है इसे छीनकर या मांगकर नही लिया जा सकता किसी को अपवित्र किये बगैर प्रेम करना ही सच्चा प्रेम है प्रकृति के साथ मनुष्य का प्रेम आन्तरिक खुशी से भर देता है बर्फ से ढके पहाड़,हरी-भरी, वादियां,निर्मल झरने,रात का शांत आसमान खूबसूरत चाँद का दीदार, समुद्र मे डूबता अरूणमा लिये, सूरज ,तारागण से झिलमिल होता अंबर,बैचैन समुद्र ये सबमनभावन दृश्य लुभावने है प्रकृति हमे नि:स्वार्थ प्रेम करती है।बहती ठंडी समीर,सुर्य की उष्मा,बारिश की रिमझिम,वृक्षों की छाया,कल-कल करती बहती नदियां फल-फूल व औषधियां सबको समान रूप से प्राप्त होना नि:स्वार्थ प्रेम का प्रतीक है हमे भी प्रदुषण से इसे दूर रख प्रेम का सम्बन्ध रख मित्रवत इसकी देखभाल करनी होगी जिससे कि प्रकृति से हमारा स्वस्थ संबध लम्बे समय तक टिक सकेगा। हमने ईश्वर को नही देखा परन्तु एक दुसरे से प्रेम करने से हममे ईश्वर जीवित रहता है। भक्त प्रेम द्बारा ही ईश्वर को अपने वश मे करने की ताकत रखता है और प्रेम के वशीभूत होकर ईश्वर अपने भक्तो की लाज बचाते है।गुरूवाणी भी कहती है षजिन प्रेम कियो तिन्ही प्रभ पायो, गुरू-शिष्य प्रेम राम-भरत,राम-शबरी,राम- केवट,मीरा- कृष्ण,गोपी-कृष्ण का प्रेम जगत मे नि:स्वार्थव अद्बितीय माना गया है।मीराबाई कहती है ऐ री मै तो प्रेम दिवानी मेरो दर्द न जाने कोय। तुलसीदास भी रामायण मे वर्णन करते है कि हरि व्याप्त सर्वत्र समाना, प्रेम से प्रकट भये मै जाना,प्रेम मे असीम व अगाध शक्ति है,जिससे हम किसी पराये को भी अपना बनाने की ताकत रखते है।

**-नरेश छाबडा,रूद्रपुर**



## नित्यानंद स्वामी की पुण्यतिथि पर बांटें कंबल

देहरादून। पूर्व राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी एव कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने उत्तराखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्री नित्यानंद स्वामी जी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके देहरादून आवास में पहुंचकर स्वामी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने जरूरमंदों को कंबल वितरित किये।

# उत्तराखंड में 2024 से लागू हो सकता है समान नागरिक संहिता कानून !


देहरादून। उत्तराखंड में नए साल में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। 22 जनवरी के बाद प्रदेश सरकार कभी भी विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर सकती है। मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर जल्द यूसीसी लागू करने के संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है। इस राम भक्ति के बीच मुख्यमंत्री धामी यूसीसी लागू करने की कवायद शुरू कर देंगे। बताया जा रहा है कि जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति नए साल में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। विशेषज्ञ समिति ने पहले ही ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार होने के संकेत दिए हैं। जनवरी महीने के तीसरे हफ्ते में समिति का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि विस का विशेष सत्र 27 जनवरी से पांच फरवरी के बीच हो सकता है। लेकिन सबकुछ तात्कालिक राजनीतिक परिस्थितियों पर भी निर्भर करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता से प्रदेश में यूसीसी लागू करने का वादा किया था। सत्ता की बागडोर हाथों में थामने के बाद अपनी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में धामी ने सबसे पहला फैसला यूसीसी को लेकर किया। 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति बनी थी। सरकार ने समिति का कई बार कार्यकाल बढ़ाया। अब 27 जनवरी को समिति का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। सियासी जानकारों का मानना है कि लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री प्रदेश में यूसीसी लागू करने का वादा पूरा सकते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री राज्य आंदोलनकारियों, पार्टी के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को तोहफे दे सकते हैं। इनमें मंत्रिमंडल विस्तार, दायित्वों का आवंटन और राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों के लिए सरकारी सेवा में प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का मसला है। पार्टी के कई वरिष्ठ विधायकों की मंत्रिमंडल में खाली पड़ी चार सीटों पर नजर है। वे लोस चुनाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद लगाए बैठे हैं। भाजपा नेतृत्व भी इसका संकेत दे चुका है। दायित्वों के आवंटन पर भी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की नजर लगी है। राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण के मसले पर प्रवर समिति अपनी रिपोर्ट स्पीकर को सौंप जा चुकी है। अब विधानसभा सत्र आहूत होने का इंतजार हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री इन तीनों फैसलों पर भी नए साल में निर्णय ले सकते हैं। महिलाओं के लिए विवाह की आयु बढ़ाकर 21 वर्ष। विवाह पंजीकरण अनिवार्य होगा।जो व्यक्ति अपनी शादी का पंजीकरण नहीं कराएंगे वे सरकारी सुविधाओं के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। लिव-इन जोड़ों को अपने फैसले के बारे में अपने माता-पिता को सूचित करना होगा। हलाला और इद्दत की प्रथा बंद होगी। बहुविवाह (एक से अधिक पत्नियां रखने की प्रथा) भी गैरकानूनी होगा। पति-पत्नी को तलाक लेने का समान हक दिया जाएगा। मसौदे में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी सिफारिश हो सकती है।

## शामा गांव के 'कीवी मैन' को मिला डिस्ट्रिक्ट मिलियनेयर फार्मर अवार्ड

बागेश्वर। मन में कुछ करने की इच्छा है तो सब कुछ संभव होता है। ऐसा ही सेवानिवृत्त शिक्षक भवान सिंह कोरंगा ने कर दिया है। उन्हें अब कीवी मैन के नाम से जाना जाता है। उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूजा नई दिल्ली ने डिस्ट्रिक मिलियनेयर फार्मर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया है। उनकी सफलता पर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिले के तहसील कपकोट के शामा में टिश्यू तकनीक से कीवी फल का उत्पादन किया जा रहा है। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी संस्थान हल्दी, पंतनगर के विज्ञानियों ने नैनीताल, उत्तरकाशी के साथ जिले के शामा को भी टिश्यू तकनीक में शोध के लिए चुना था। शामा का नाम राज्य के प्रमुख कीवी उत्पादक गांवों में जुड़ गया है। शामा गांव में सेवानिवृत्त शिक्षक भवान सिंह कोरंगा ने कीवी की फसल को सबसे पहले उगाया था। पहले ही वर्ष उनकी अच्छी पैदावार हुई। जिसके बाद वह इसके उत्पादन में



इजाफा करते गए। वर्तमान में वह हर वर्ष कीवी फलों से 15 लाख से अधिक की आय अर्जन कर रहे हैं। देखादेखी गांव के अन्य किसानों का भी कीवी की खेती की ओर रुझान बढ़ा है। प्रगतिशील किसान भवान सिंह कोरंगा को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने डिस्ट्रिक मिलियनेययर फार्मर अवार्ड दिया है। यह सम्मान उन्हें कीवी उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला। मिलियनेशर फार्मर आर्प इंडिया का पुरस्कार पाने वाले वह जिले के पहले किसान हैं। आठ नौ दिसंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया, जिसमें देशभर के किसान शामिल थे।

## निकायों में चुनाव के लिए ओबीसी सर्वे पूरा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में निकाय चुनाव से पूर्व की तैयारियां आगे बढ़ने लगी हैं। करीब डेढ़ साल से सर्वेक्षण कर रहे एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने ओबीसी सर्वे पूरा कर लिया है। इसी महीने आयोग अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप सकता है। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही निकायों में मेयर व पार्षद, सभासदों के पद आरक्षित होंगे। प्रदेश में अगले साल निकाय चुनाव होने हैं। निर्वाचन आयोग इन दिनों मतदाता सूची तैयार कराने में जुटा हुआ है। इस बीच एकल सदस्यीय समर्पित आयोग भी ओबीसी सर्वेक्षण करा रहा था। अब आयोग ने सर्वेक्षण के हिसाब से सभी निकायों में जनसुनवाई पूरी कर ली हैं। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि सर्वेक्षण का काम पूरा होने के बाद अब अंतिम रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी माह रिपोर्ट तैयार हो जाएगी और मुख्यमंत्री को सौंप दी जाएगी। हालांकि, निर्वाचन आयोग फरवरी में अंतिम मतदाता सूची जारी करेगा। तब तक आम चुनाव की आचार संहिता भी लागू हो जाएगी, जिसके बाद ही निकाय चुनाव हो पाएंगे। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर इस बार निकाय चुनाव में ओबीसी सीटों का आंकड़ा बदलने वाला है। मैदानी जिलों में जहां ओबीसी की सीटें बढ़ेंगी, तो पर्वतीय जिलों में इनकी संख्या में कमी आएगी।

## परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिलाने को छात्र नेता व प्रोफेसर में झड़प

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। परीक्षा में देर से पहुंची छात्रा को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिलाने को लेकर एक छात्र नेता और सहायक प्राध्यापक के बीच जमकर झड़प हो गई। जिसके बाद छात्र विक्रम बिष्ट और सहायक प्राध्यापक एसएन सिद्ध ने एक- दूसरे पर आरोप लगाते हुए भोटिया पड़ाव चौकी में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि एमबीपीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं। सुबह 9 बजे परीक्षा शुरू होती है। एक छात्रा साढ़े नौ बजे परीक्षा देने पहुंची तो शिक्षकों ने देरी का हवाला देते हुए उसे परीक्षा कक्ष में बैठने की अनुमति नहीं दी। इसके कुछ देर बाद छात्र नेता विक्रम छात्रा को परीक्षा में बैठाने की हिमायत करते हुए कमरा नंबर 61 में दाखिल हुआ और चिल्लाने लगा। जब उन्होंने मना कि तो वह बहस करने लगा। उसने धारा 144 का उल्लंघन किया और परीक्षा रूप में फोन का भी प्रयोग किया। साथ ही धमकी भी दी। वहीं छात्रनेता विक्रम ने असिस्टेंट प्रोफेसर एसएन सिद्ध पर मोबाइल तोड़ने, अभद्रता करने के आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। भोटिया पड़ाव चौकी इंचार्ज कुमकुम ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर आयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पीआरडी जवानों के हंगामे पर जांच के आदेश

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रांतीय रक्षक दल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सीएम धामी के सामने पीआरडी जवानों ने लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी की। जिसके बाद अब शासन इस पर गंभीर है। मामले में विशेष सचिव खेल एवं युवा कल्याण अमित सिन्हा ने जांच बैठा दी है। साथ ही सात दिन में रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि जांच में अनुशासनहीनता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रांतीय रक्षक दल संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीर सिंह रावत ने कहा, प्रदेश सरकार की ओर से तीन सौ दिन रोजगार देने की घोषणा को दो साल हो चुके हैं, लेकिन आधे जवान घर बैठे हैं। सार्वजनिक अवकाश के दिन डयूटी के बावजूद जवानों को अनुपस्थित दिखाकर वेतन काटा जा रहा। कहा, कल्याण कोष के नाम पर विभाग पहले 10 रुपये के अंशदान की कटौती करता था। अब हर महीने 570 रुपये कांटे जा रहे हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद व महासचिव अशोक शाह ने कहा, जवानों के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी जवानों को डयूटी मिलनी चाहिए। आरोप लगाया, कोविड के दौरान डयूटी करने वाले कई जवानों की विभाग ने सेवाएं समाप्त कर दी। मांगों पर जल्द अमल न हुआ तो जवान निदेशालय में धरना देंगे।

## अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

गदरपुर (उद संवाददाता)। अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम मोतियापुर में अभियुक्त बलवंत सिंह पुत्र सावन सिंह निवासी मोतियापुरा गदरपुर थाना गदरपुर के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में 106 पाउच अवैध शराब कच्ची शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक महेश चंद, उप निरीक्षक कुसुम रावत, कांस्टेबल दर्शन सिंह शामिल रहे।



## नगदी समेत सटोरिया गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)।थाना गदरपुर पुलिस ने सट्टा लगाते हुए एक व्यक्ति को सट्टे में प्रयुक्त एक डायरी एक पेन 1050 रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जुआ व सट्टा लगाने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने ग्राम इस्लामनगर में सट्टा लगाने वाले अभियुक्त फुरकान पुत्र बब्बन निवासी इस्लामनगर थाना गदरपुर को सट्टे में प्रयुक्त एक डायरी एक पेन व 1050 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक महेश चंद कांस्टेबल दीपक जोशी शामिल रहे।



## 800 मीटर दौड़ में त्रिभुवन सिंह रहे प्रथम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी प्रशान्त कुमार ने बताया कि जनपद में चल रहे खेल महाकुम्भ के क्रम में जनपद स्तर पर आयु वर्ग अण्डर 14, अण्डर 17 अण्डर-19 बालक वर्ग की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन विकासखण्ड हवालबाग के खेल मैदान में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बालक वर्ग की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में अन्डर 19 की 100 मी. 200 मीटर दौड़ में भूपेन्द्र, 400 मीटर में राहुल कुमार, 800 मीटर में त्रिभुवन सिंह दुर्गापाल, अन्डर17 की 100 मीटर में राहुल बिष्ट, 200 मीटर में अभय कनवाल, 400 मीटर में अभिषेक रावत, 800 मीटर में गौरव जोशी, अन्डर-14 की 60 मीटर व लम्बी कूद में मोहित सिंह बनौला, 600 मीटर में सोहन सिंह आदि प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रधान सहायक रजनी वर्मा, संदीप वर्मा, अशोक कुमार, सोनू कुमार, धन सिंह धौनी, शिवदत्त पाण्डे, पूनम बिष्ट, तुलसी बिष्ट, लता वर्मा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समस्त कोच व पीआरडी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**निगम अनियमित्तओं पर ..**विकास कार्यों की गहन समीक्षा हो और उनमें यदि कहीं किसी प्रकार की अनियमित सामने आती है अथवा बजट के दुरुपयोग का पता चलता है, तो ठेकेदारों के वर्क आर्डर निरस्त कर या अन्य आवश्यक कदम उठाकर नगर निगम के हितों की रक्षा की जाए ।ऐसे में 'लाख टके' का सवाल तो यह है कि क्या नगर निगम रुद्रपुर के वर्तमान प्रशासक और उधम सिंह नगर जिले के डीएम उदय राज,सत्ताधारी दल के स्थानीय नेताओं की नाराजगी मोल लेकर निगम हितों की रक्षा के लिए 'जांच' जैसा कोई कदम उठाने का जोखिम ले पाएंगे ?

**पहाड़ों पर हिमपात..**हैं। आलम ये हो गया है कि अब झरने और नाले में पानी जम जा रहा है। सड़कों पर बर्फ जमने से यहां आने वाले पर्यटकों को थोड़ी परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है। इसको लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। लगातार बर्फबारी से अब घरों पर भी बर्फ जम गई है। वहीं रिजॉर्ट भी अब पर्यटकों के आगमन के लिए तैयार हैं। औली की चोटियों से लेकर मैदानी इलाके में बर्फबारी से इसकी सुंदरता बढ़ गई है। क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल औली स्वागत के लिए तैयार है। यहां देशभर से पर्यटक यहां पहुंचना भी शुरू हो गए हैं।

**तथाकथित पत्रकार ने ..** ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि किच्छा रोड ठंडी सड़क स्थित एक कम्पनी में वह काम करती थी। 5 नवम्बर 2023 को कम्पनी में काम करते हुए उसकी उंगलीया कट गई थी। जिसके बाद ट्रांजिट कैम्प में रहने वाले एक तथाकथित पत्रकार व उसके साथी ने उसका 50 हजार रूपये में समझौता करवाया। उसके बाद समझौता कराने पर तथाकथित पत्रकार ने खुद 35 हजार रूपये रख लिए और उसे मात्र 15 हजार रूपये दे दियें। उसकी दो उंगलीया कट गई एक घायल है। वह आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है।

**५३३ ग्राम स्मैक...**वार्ड नंबर 5 बंडिया को गिरफ्तार किया है जबकि विद्युत विभाग के अवर अभियंता प्रदीप सिंह खाती द्वारा नगर में विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत दो लोगों के विरुद्ध कटिया डालकर विद्युत चोरी करने का मुकदमा पंजीकृत कराया है जिसमें इब्ने अली पुत्र इकराम निवासी बंडिया तथा मुस्ताक पुत्र राजा उन निवासी बंडिया के विरुद्ध विद्युत चोरी करने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है ।

**पति के सामने फांसी..**परिजनों ने आनन फानन में विक्की को फंदे से उतारा और उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। बताया जाता है कि अस्पताल पहुंचने तक विक्की की सांस चल रही थी। जिसके बाद विक्की को इमरजेंसी में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मध्य रात्रि चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विक्की पेंटिंग का काम करता था और दो वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। उसका एक साल का मासूम बच्चा भी है।

## 50 हजार के बदले एक लाख दिए अब और मांग रहा एक लाख रूपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सूदखोर के चंगुल में फंसी एक महिला ने एसएसपी की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। उसने कहा है कि यदि उसकी सुनवाई नही हुई तो वह जहर खाकर जान देने को मजबूर होगी।किच्छा निवासी पीड़िता का कहना है कि वह गरीब परिवार की महिला है । उसने शुगर फैक्ट्री किच्छा निवासी एक व्यक्ति से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। कुछ दिन के पश्चात उधार लिए 50 हजार रूपए के अतिरिक्त 50 हजार रूपये कुल एक लाख रूपये उक्त उसे अदा कर चुकी हूँ। परन्तु उपरोक्त व्यक्ति उससे एक रूपये की और माँग कर रहा है। 10 दिसंबर की वह अपने साथ कुछ लोगो को लेकर उसके घर पर आ गया। फोन कर टार्चर कर तरह तरह का लालच देता हैं और उसे गलत बाते पर उकसाता हैं। जिससे वह काफी परेशान है। यदि उसे न्याय नही दिया गया तो वह वद बच्चों सहित जहर खाकर जान देने को मजबूर हो जायेगी जिसकी जिम्मेदारी उक्त व्यक्ति की होगी।

## 327 पदों पर भर्ती के लिए मिली मंजूरी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में पुलिस के 327 पदों पर भर्ती के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को कार्मिक के साथ ही वित्त और गृह विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। अगली कैबिनेट बैठक में भर्ती प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लग सकती है। भर्ती के बाद प्रदेश में कुछ हद तक पुलिस फोर्स की कमी दूर हो जाएगी। दरअसल, प्रदेश में वर्तमान में 258 थाने, चौकियां हैं। अब 21 नई चौकियां और छह नए थाने खोले गए हैं। लेकिन जिस हिसाब से प्रदेश में थाने-चौकियां हैं, उसके हिसाब से पुलिस फोर्स की भारी कमी है। नए थाने, चौकी खुलने के बाद पुलिस मुख्यालय की ओर से शासन को 327 पदों में 27 पद हेड कांस्टेबल, 234 पद कांस्टेबल, छह पद कांस्टेबल ड्राइवर, 27 पद फोर्थ का प्रस्ताव शासन को भेजा था। लेकिन अभी तक पुलिस मुख्यालय का प्रस्ताव कार्मिक, वित्त और गृह विभाग में अटका पड़ा हुआ था। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों की माने तो अब मुख्यालय के प्रस्ताव को कार्मिक विभाग के साथ ही वित्त और गृह विभाग की भी मंजूरी मिल गई है।


### नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में प्रियंवदा सारस्वत है। जबकि पासपोर्ट सं.-Y6727983 में प्रियंवदा अंकित है। दोनों ही नाम एक ही महिला मेरी पुत्री के हैं। मेरी पुत्री को उसके वास्तविक नाम प्रियंवदा सारस्वत के नाम से ही जाना पहचाना व लिखा जाए।

विनीता सारस्वत पत्नी प्रदीप कुमार शर्मा निवासी बण्डिया, वार्ड नं.8, किच्छा, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जीआरडी इण्टरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

गदरपुर (उद संवाददाता)। जी०आर०डी० इण्टरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह मृदुलम् (2.0) धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के चौयरमैन सरदार गुरनाम सिंह चावला, वॉइस चौयरमैन सतनाम सिंह चावला, सेक्रेटरी मनविंदर सिंह चावला, डायरेक्टर श्रीमती मनमीत कौर, के द्वारा मुख्य अतिथि को मुख्य मार्ग से ससम्मान मंच तक पहुँचाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें भगवान विष्णु के 'दशावतार', विभिन्न संस्कृतियों का ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय द्वारा कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही पाठ्य सहगामी गतिविधियों (खेल-कूद, गीत-संगीत, ओलम्पियाड) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ए जे बट्सर ने विकसित करना, उत्तम शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना, पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों को बढ़ावा देना, 21वीं सदी में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है। मुख्य अतिथि डॉ एच एस धामी भूतपूर्व कुलपति कुमाऊँ यूनिवर्सिटी नैनीताल, कुलपति सूरजमल यूनिवर्सिटी किच्छा ने विद्यार्थियों वह संस्कारी बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक बनाना हमारा उद्देश्य जरूर होना चाहिए लेकिन इससे पहले हमें बच्चों को एक नेक इंसान बनाने का प्रयास करना चाहिए। कठिन परिश्रम एवं आत्मविश्वास सफलता का मूल मंत्र होता है इसलिए हमें किसी भी कार्य को हमारे आज के विद्यार्थी भविष्य में देश एवं विदेश में जीआरडी का परचम लहराएंगे। चेयरमैन सतनाम सिंह चावला ने सभी अतिथियों, मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के अथक प्रयास की सराहना की। अंत में उप प्रधानाचार्या





डायरेक्टर श्रीमती रूपिन्दर कौर प्रध ानाचार्य ए जे बट्सर, उपप्रधानाचार्या श्रीमती साधना बट्सर, मुख्य अतिथि भूतपूर्व कुलपति कुमाऊँ विश्व विद्यालय एच एस धामी ने संयुक्त रूप से सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों के छोलिया नृत्य एवं एन सी सी कैड्डेस की परेड समावेश, करते हुए 'अनेकता में एकता, कुमाऊँनी गीत 'ढाई हाथै ध मेली', 'पंजाबी भांगड़ा एवं गिद्दा' सूफी संगीत ख्वाजा मेरे ख्वाजा 'रामायण', 'हिप-हॉप' गीत एवं नृत्य, स्वार्थी परिवारिक रिश्तों पर आधारित लघु नाटक, खेल में भारत की नित-प्रतिदिन नवीन उपलब्धियों पर आधारित संगीत एवं नृत्य, कार्यक्रमों कहा कि इस वार्षिक उत्सव का मुख्य उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों के अंतर्निहित प्रतिभा को निखारना। हमारे विद्यालय का लक्ष्य है कि विद्यार्थियों को एक नेक इंसान बनाना, माता-पिता का आज्ञाकारी बनाना, हमारे विद्यार्थियों में वसुधैव कुटुंबकम की भावना की भावना विकसित करके सच्चे देशभक्त बनाना, अनुशासन की भावना विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए तथा सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास को प्रणाम करते हुए कहा कि विद्यालय शैक्षिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और मैं प्रार्थना करता हूं कि भविष्य में भी इसी प्रकार प्रगति करता रहे। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य पूरी लगन एवं निष्ठा से करना चाहिए। विद्यालय के चौयरमैन सरदार गुरनाम सिंह चावला ने कहा कि हमारा और अभिभावकों का रिश्ता सुई धागे के समान है है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए दोनों का समान रूप से योगदान आवश्यक है। हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु उचित दिशा प्रदान की जाए। श्रीमती साधना बट्सर ने सभी का आभार जताया एवं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा गुरु रामदास जी की कृपा से कम समय में विद्यालय ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। इसका श्रेय विद्यालय प्रबंधन, अभिभावक, विद्यार्थी, शिक्षकों को जाता है। अंत में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ समारोह का समापन किया गया।

## युवा सिख सम्मेलन को सफल बनाने का आहवान

गदरपुर(उद संवाददाता)। आगामी 18 दिसंबर को रुद्रपुर गिल रिसोर्ट में प्रस्तावित 'युवा सिख सम्मेलन' को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर योजना रचना बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार केंद्र व राज्य सरकार सिख समाज के हित में कार्य कर रही है वह सराहनीय है और भविष्य में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार सिख समाज से कंधे से कंधे मिलाकर उनके हितों में कार्य करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने पार्टी पदाधिकारियों से युवा सिख सम्मेलन में अपनी सहभागिता दर्ज करने का आवाहन कर रुद्रपुर में होने वाले युवा सिख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कहा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी,प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंघ चंडोक, मंडल अध्यक्ष गदरपुर सुरेश खुराना, मंडल अध्यक्ष दिनेशपुर अनादी रंजन,भोला शर्मा,हर्षपाल बंटी,रविंद्र सिंह जसवीर चीमा,डॉक्टर गुरप्रीत, अभिषेक वर्मा, परमजीत सिंह, हरलोक नामधारी,आशीष ठाकुर, बलदेव सिंह, संदीप कंबोज, सुरजीत कंबोज,सतीश चुघ, जगदीश सिंह, कुनाल रस्तोगी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सड़क की खस्ता हालत को लेकर लोनिवि अधिकारियों से की वार्ता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम सभा बुक्सौरा के मुख्य मार्ग की जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था से आक्रोशित दर्जनों लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन कर सहायक अभियन्ता राजेन्द्र प्रसाद व जेई का घेराव कर दुर्गापुर न०1 से बुक्सौरा तक दो किमी. सड़क के अविलम्ब निर्माण की मांग की। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि दुर्गापुर-बुक्सौरा मुख्य मार्ग का निर्माण न होने से पूरे दो किलोमीटर मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से यहाँ के नागरिकों का जीवन नारकीय हो गया है। व्यापक जनहित में इस मार्ग का निर्माण नितान्त आवश्यक है। इस दौरान जगजीत सिंह (पूर्व ग्राम प्रधान), सरदार कुलवंत सिंह, हरे राम, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, जग नारायण, सतनाम सिंह, करनैल सिंह, जगत नाथ सरकार, ठाकुरदास मिस्त्री, बलवंत सिंह, रूद्रप्रसाद, हरि सिंह, गुरुपद साना, हरपाल सिंह, बंटी कोली, उपदेश सक्सेना, किशन कुमार आदि लोग उपस्थित थे।



